<u>बिहार लोक सेवा आयोग</u>

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

**सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी ( वि0 सं0– 01/2022) के लिए लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा**

## <u>उम्मीदवारों के लिए आवश्यक सूचना</u>

1. उम्मीदवार निर्धारित परीक्षा के केन्द्र पर परीक्षा प्रारभ होने के <u>दो घंटे पूर्व (10:00 बजे पूर्वाह्न)</u> पहुँच जायें। परीक्षा केन्द में <u>11:00 बजे पूर्वाह्न</u> तक ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी एवं सभी परीक्षार्थी 02:00 बजे अपराह्न के बाद अपने–अपने उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet ) वीक्षक के पास जमा कर ही परीक्षा कक्ष छोड़ेंगे।
2. इस विज्ञापन के लिए उम्मीदवारों की पात्रता/अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। उम्मीदवारों को औपबंधिक रूप से मात्र इस विज्ञापन की लिखित परीक्षा में प्रवेश की अनुमति दी गई है। उनकी पात्रता/अभ्यर्थिता के संबंध में अंतिम निर्णय दस्तावेज सत्यापन (Documents Verification) के समय विज्ञापन में अंकित शर्त्तों के आलोक में ऑनलाईन आवेदन में दावा/भरे गए तथ्यों/सूचनाओं की विधिवत जाँच/सत्यापन के पश्चात् किया जाएगा।
3. प्रवेश पत्र निर्गत होने और लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने मात्र से किसी भी उम्मीदवार की पात्रता/अभ्यर्थिता सम्पुष्ट नहीं होती है। उम्मीदवार द्वारा ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं उससे संबंधित कागजात में किसी भी प्रकार के भिन्नता रहने/पाये जाने या आयोग द्वारा किसी भी स्तर पर (दस्तावेज सत्यापन के समय या उसके उपरांत) अन्यथा पाये जाने एवं उनकी अभ्यर्थिता से संबंधित जाँच के क्रम में विज्ञापन की शर्त्तों को पुरा नहीं किए जाने/वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा एवं आयोग का उक्त निर्णय सर्वमान्य होगा।
4. परीक्षा केन्द्र परिसर, जहाँ परीक्षा होनी है, में किसी भी प्रकार का Calculator, मोबाईल, ब्लुटुथ, वाई–फाई, गैजेट इलेक्ट्रोनिक पेन, पेजर Wrist Watch (सामान्य/Smart) आदि जैसी इलैक्ट्रॉनिक सामग्री तथा Whitener/ Blade/ Eraser आदि लेकर जाना एवं उपयोग वर्जित है। उपर्युक्त सामग्री परीक्षा कक्ष में पाये जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी एवं आयोग की परीक्षाओं से उन्हें विवर्जित किया जा सकता है।
5. OMR Answer Sheet में किसी प्रकार का चिन्ह्/ रेखांकन/अंकन करना वर्जित है। इसकी अवहेलना किए जाने पर अनुशासनिक/ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। प्रवेश पत्र पर अंकित "आवश्यक निर्देश" एवं उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) पर अंकित सभी निर्देशों को उम्मीदवार ध्यान से पढ़ें और उसका अक्षरशः अनुपालन करें। **<u>OMR Answer Sheet में Question Booklet Series एवं Roll No. निश्चित रूप से अंकित करते हुए गोलों को सही ढंग से भरें, अन्यथा OMR को रद्द किया जा सकता है।</u>**

11.11.22

परीक्षा नियंत्रक

बिहार लोक सेवा आयोग,पटना।